सार-समाचार

हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। फलोदी जिले की बाप थाना पुलिस ने एक युवक की हत्या की वारदात का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने शराब पीने के दौरान हुए विवाद में मारपीट कर युवक की हत्या कर दी थी। इसके बाद आरोपी अपने घर पर चले गए इधर युवक की बॉडी नहर में मिली तो घर वालों को पता चला। बाद में पुलिस थाने में रिपोर्ट दी गई। फिलहाल पुलिस तीनों आरोपियों से वारदात को लेकर पूछताछ कर रही है। फलोदी एसपी पूजा अवाना ने बताया कि बप्पी खिरवा के आसूसिंह 15 जनवरी को घर से शाम 4 बजे करीब अपनी बाइक लेकर निकला था। इसके साथ ही वह अपने चाचा की भी एक बाइक पर दो अन्य लोगों को लेकर गया। बाद में उसकी बॉडी नहर में पड़ी मिली। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने इस मामले को लेकर खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने मृतक आसु सिंह के साथ नहर के किनारे बैठकर शराब पी। इस दौरान मृतक आसु सिंह और आरोपियों के बीच आपस में विवाद हो गया।जिस पर तीनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। इसके चलते उसकी मौत हो गई । बाद में घबराकर आरोपियों ने उसे नहर में धकेल दिया और सभी अपने-अपने घर पर चले गए। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने छानबीन शुरू की तो मामले का पर्दाफाश हुआ।इस मामले में पुलिस ने आरोपी देरावर सिंह (30) पुत्र हनुमान सिंह राजपूत, मूल सिंह (32) पुत्र शैतान सिंह राजपूत और छगना राम (24) पुत्र अर्जुन राम भील निवासी बप्पी खिरवा को गिरफ्तार किया है।

जोधपुर में सूने मकान में चोरी

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर शहर में मकान में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है। पुलिस कमिश्नरेट के विभिन्न थाना क्षेत्र में रविवार को भी मकान में चोरी के तीन मामले सामने आए। चोर सुने मकानों को निशाना बना रहे हैं। पहला मामला भगत की कोठी थाने में पूजा भाटी निवासी अफसर मेस के सामने शेर विलास कॉलोनी ने दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि उनका संगम नगर, बासनी प्रथम फेज में मकान है। यहां पर 18 जनवरी की रात अज्ञात चोर सोने की दो चैन, कान के चार आभूषण, 4 सोने की अंगूठियां, चांदी के बर्तन सहित घरेलू सामान और 53 हजार रुपए नगद चुरा कर ले गए। घटना के समय परिवार में रहने वाले लोग शादी समारोह में हिस्सा लेने के लिए गए थे। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने मकान में वारदात को अंजाम दिया। दूसरा मामला देवनगर थाने में तरुण सोनी पुत्र अनिल सोनी ने दर्ज करवाया। रिपोर्ट में उन्होंने बताया कि नाइयों की बगीची के सामने विनोद टावर के पास उनका मकान है। यहां पर 16 जनवरी की दोपहर 2 बजे से 17 जनवरी के बीच अज्ञात चोर उनके मकान के ताले तोड़कर घर में घुसे और घर में रखे नगद रुपए और सोने चांदी के आभूषण चुरा कर ले गए। तीसरा मामला प्रताप नगर थाने में कानाराम पुत्र जयरूप राम जाट निवासी गुरुओं का तालाब प्रताप नगर ने दर्ज करवाया। बताया कि हुडको क्वार्टर प्रताप नगर से 8 जनवरी को अज्ञात चोर स्कूल का गेट तोड़कर अंदर घुसे और कमरे में अलमारी से नगद रुपए और सोने के आभूषण भी चुरा कर ले गए।

राजेश्वर मंदिर का महोत्सव आज से

गुड़ामालानी, (निसं)। स्थानीय गुडामालानी आंजणा कलबी समाज की ओर से भगवान राजेश्वर मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव सोमवार से आरम्भ होगा। आंजणा महासभा अध्यक्ष टीकमाराम पटेल ने बताया कि पिछले एक महिने से मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की तैयारीयों जोर-शोरो से चल रही है। विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह नजर आ रहा है। शोभायात्रा के साथ प्राण-प्रतिष्ठा का आगाज होग । 21 जनवरी को आलपुरा स्थित कलबी समाज भूमि पर नवीन विद्यालय हेतु शिलान्यास किया जाएगा। बुधवार को धर्मसभा होगी, जिसमें आसपास के सभी गावों के अलावा गुजरात और मध्यप्रदेश से कलबी समाज के लोग शिरकत करेंगे। यह प्रतिष्ठा शिकारपुरा धाम के गादीपती महन्त दयाराम महाराज के सानिध्य में हो रही है। अतिथि शंकर भाई चौधरी विधानसभा अध्यक्ष, गुजरात, जोगाराम पटेल केबिनेट मंत्री, राजस्थान सरकार तथा के.के. विशनोई राज्य मंत्री, लुम्भाराम चौधरी सासंद जालोर सिरोही,उम्मेदाराम चौधरी सासंद बाडमेर जैसलमेर सहित राजस्थान के सभी प्रमुख संत महात्मा तथा जनप्रतिनिधि शामिल होगे। आसपास के गांवों से एक लाख से अधिक लोग शामिल होंगे।

आई माता की शोभायात्रा 31 को

पाली, (नि.सं.)। श्री आईमाता जी भव्य शोभायात्रा 31 जनवरी को लेकर जोर शोर से तैयारियां चल रही हैं। सीरवी समाज सेवा समिति के अध्यक्ष प्रकाश चौधरी, सह सचिव नारायण लाल चोयल आमन्त्रित पत्रिका सुरज पोल, जनता कालोनी, बापू नगर, इन्दिरा कालोनी, महालक्ष्मी गार्डन, नया गांव में समाज के प्रमुख को पत्रिका भेंट कर शोभायात्रा के लिए आमंत्रित किया गया है। सीरवी समाज सेवा समिति के कोषाध्यक्ष अमराराम राठौड़ सोलंकियों का बास, महात्मा गांधी कालोनी, पंचम नगर, मीडिया रोड़ व अन्य क्षेत्र के प्रमुख को पत्रिका भेंट किया गया है। सीरवी महिला सेवा संस्था के अध्यक्ष मधू सिन्दड़ा सचिव मन्जू परिहार के नेतृत्व में 22 जनवरी से महिला गेर का निमित्त प्रशिक्षण दिया गया। सीरवी नवयुवक सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश परिहार सचिव सेषाराम परिहार व नवयुवक सेवा समिति के सदस्य तैयारियों में जुटे है। डांडिया गेर के प्रमुख कानाराम चोयल, कैलाश काग, भीमराज पंवार,व प्रवीण परिहार डांडिया गेर की तैयारियां में लगे हुए हैं। सीरवी समाज महात्मा गांधी कालोनी के घीसुलाल सोयल, पुनाराम राठौड़, कानाराम हाम्बर, जीवाराम परमार, ओगडराम सोलंकी, ढलाराम सोलंकी व अन्य श्री आईमाता जी का मन्दिर महात्मा गांधी की व्यवस्था में लगे हुए हैं। पाली शहर में पिछले छतीस वर्षों से माहीं बीज पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन होता है।

डॉ. विष्णु विश्नोई का धोरीमना में स्वागत

धोरीमना, (निसं)। सीएमएचओ बाड़मेर डॉ. विष्णु राम विश्नोई ने धोरीमन्ना के आलमजी महाराज के मंदिर पहुंचकर पूजा आराधना करके जिलेवासियो एवं देश के लिए शुभकामनाएं व मन्नत की। डॉ विष्णु राम बिश्नोई ने बताया कि बाडमेर जिले में 30 साल सेवा दी। उनके कार्य को देखते हुए राजस्थान सरकार द्वारा बाडमेर जिले के सीएमएचओ बनाकर सरकार ने जिम्मेदारी सौंप स्वास्थ्य विभाग की तमाम प्रकार की योजनाओं को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा सरकार की सेवाओं का आमजन तक सेवा देने का प्रयास करूंगा। आमजन को परिवार की तरह सेवा देने का प्रयास करूंगा। धोरीमना क्षेत्र के सर्व समाज द्वारा माला व सफा से स्वागत किया गया। धोरीमना में जगह-जगह पर फूलों से स्वागत किया गया। डॉ विष्णु राम बिश्नोई सीएमएचओ बनने पर धोरीमना क्षेत्र में खुशी की लहर चल रही है। भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल सेठिया, भाजपा ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष तेजाराम दर्जी, मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मण भार्गव, आलमजी मंदिर पुजारी बाबू दास संत, तेजाराम संत. पूर्व सरपंच जगदीश ढाका सहित कई क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

प्रकाश गुरूपर्व का कार्यक्रम हुआ

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के निर्देशन में दसवें गुरु गुरु गोविन्दसिंह के प्रकाश गुरुपर्व को समर्पित समागम की कड़ी में रविवार को अंतिम समागम आयोजित किया गया। कमेटी के कॉर्डिनेटर व गुरुद्वारा गुरुसिंघ सभा के प्रधान सरदार दर्शनसिंह लोटै व गुरुद्वारा गुरुसिंघ सभा के सचिव कुलदीपसिंह सलूजा ने बताया कि गुरुद्वारा गुरु तेग बहादर साहिब के तत्वावधान में रविवार दोपहर में अंतिम दीवान आयोजित किया गया। विशेष दीवान में सुबह सुखमनी साहिब के पाठ के बाद गुरुबाणी कीर्तन का गायन किया गया। दीवान की समाप्ति बाद लंगर प्रसाद का आयोजन किया। प्रभात फेरी 26 को : सेन्ट्रल कमेटी के सचिव जितेन्द्रसिंह बत्रा ने बताया कि 26 जनवरी को बाबा दीपसिंह को समर्पित प्रभातफेरी आयोजित की जाएगी। अगले दिन 27 जनवरी को गुरुद्वारा गुरूसिंघ सभा के तत्वावधान में विशेष दीवान व लंगर प्रसाद होगा।

टेस्ट ड्राइव के नाम पर कार ले गया

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर के बासनी थाना क्षेत्र में कार कंपनी की कार को टेस्ट ड्राइव के नाम पर एक आरोपी भगाकर ले गया। घटना शनिवार शाम की है इसको लेकर कंपनी के प्रतिनिधि की ओर से थाने में रिपोर्ट दी गई है। थाने में श्रवण वैष्णव पुत्र भगवान दास वैष्णव निवासी माता का कुंड, चांदपोल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उसने अपनी रिपोर्ट में बताया कि शनिवार शाम को कि ऋषभ कार इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बासनी में आरोपी महिपाल आया। उसने कंपनी की क्विड कार को टेस्ट ड्राइव के लिए मांगा। टेस्ट ड्राइव करने के दौरान आरोपी कंपनी की कार को भगाकर ले गया। इधर घटना के बाद कंपनी के प्रतिनिधि बासनी थाने पहुंचे और रिपोर्ट दी। वहीं रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने कार शोरूम से लेकर पाल रोड क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले।

कांग्रेस के झूठ का मुंहतोड़ जवाब दें : विधायक बालकनाथ

जालोर, (कासं)। भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार रविवार को जिला मुख्यालय पर भाजपा जालोर द्वारा संविधान गौरव अभियान के तहत विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम संयोजक सुरेश सोलंकी ने बताया कि विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता के नाते तिजारा विधायक योगी बालक नाथ उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य सचेतक विधानसभा व विधायक जोगेश्वर गर्ग, जालोर सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष राव श्रवणसिंह बोरली, कार्यक्रम संभाग प्रभारी जगदीश देवासी का आतिथ्य रहा। अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम भारत माता डॉ भीमराव अंबेडकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यकर्ताओं द्वारा अतिथियों का साफा दुपट्टा से स्वागत अभिनंदन किया गया।



संविधान गौरव अभियान के तहत जालोर में भाजपा की ओर से आयोजित विचार गोष्ठी को तिजारा विधायक बालकनाथ महाराज ने संबोधित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

तिजारा विधायक योगी बालकनाथ महाराज ने कहा कि कांग्रेस ने 70 सालों में संविधान में किस तरह से छेड़छाड़ की और बाबा साहब के साथ कांग्रेस ने जिस तरीके का भेदभाव किया उसे जनता के बीच बताने की जरूरत है। संविधान गौरव अभियान के दौरान सभी कार्यकर्ता इन गोष्ठियों में भाग लें और कांग्रेस की बाबा साहब को लेकर फैलाए जा रहे झूठ का मुंह तोड़ जवाब दें। मुख्य सचेतक व विधायक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस है। संविधान को कांग्रेस ने तार-तार करने का काम किया है। वहीं, भाजपा ने प्रजातंत्र की रक्षा करते हुए लोकतंत्र की रक्षा का काम किया है।प्रदेश भर में 11 जनवरी से लगातार अभियान चल रहा है। हम सभी मेरा संविधान मेरा गौरव, मेरा संविधान मेरा स्वाभिमान इस भाव को लेकर जनता के बीच जाएंगे। जो विरोधी भ्रम फैलाने का काम करते हैं। जनता के बीच में उस भ्रम को दूर करने का प्रयास करेंगे। बाबा साहब को सही अर्थों में अगर सम्मान मिला है तो भाजपा की सरकार ने दिया है।

सांसद लुम्बाराम चौधरी ने कहा की हम सबको बाबा साहब के द्वारा किए गए कार्यों को आगे बढाना है।

जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव ने कहा कि संविधान गौरव अभियान के तहत जिला और मंडल स्तर तक के पदाधिकारी, विधायक, सांसद शैक्षणिक संस्थानों, स्कूलों कॉलेज में गोष्टी, परिचर्चाओं का आयोजन करेंगे। समाज के गणमान्य नागरिकों, बुद्धिजीवियों की संगोष्ठी और चौपाल का आयोजन भी होगा।

कार्यक्रम संभाग प्रभारी जगदीश देवासी ने कहा कि इस अभियान को हम सबको मिलकर मजबूती के साथ करवाना है। सविता गौरव अभियान नाम सहित परिभाषित होता है कि हमें हमारे संविधान पर गौरव होना चाहिए। अंत में शांतिनाथ बी एड कॉलेज डायरेक्टर के एन भाटी का अतिथियों द्वारा दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश महावर ने किया।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री धनाराम पुरोहित जिला महामंत्री प्रकाश छाजेड,पुखराज राजपुरोहित हिंगलाज दान चारण,नगर परिषद उपसभापति अम्बालाल व्यास, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष मिश्रीमल मेघवाल किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष धुखाराम राजपुरोहित भाजयुमो जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिसोदिया ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष ओबाराम देवासी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी विधानसभा संयोजक दीप सिंह धनानी स्थानीय मंडल अध्यक्ष रवि सोलंकी सायला मंडल अध्यक्ष नेनमल लखारा जीवाणा मंडल अध्यक्ष तुलसाराम चौधरी उम्मेदाबाद मंडल अध्यक्ष उत्तम गर्ग गणपत सिंह बगडिया महेंद्र सिंह भागली,भूरसिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सड़क सुरक्षा सप्ताह शुरू

जालोर, (कासं)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार व भारत नेहरू युवा केंद्र जालोर व यातायात विभाग जालोर के संयुक्त तत्वाधान मे सडक सुरक्षा सप्ताह का आयोजन 17 से 23जनवरी तक किया जा रहा है।

अभियान का शुभारम्भ कार्यक्रम इमैनुएल मिशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल जालोर में हुआ। मुख्य अतिथि सब-इंस्पेक्टर पन्नालाल प्रभारी यातायात पुलिस ने सडक सुरक्षा नियमों के महत्व और आमजन में इनकी जागरूकता की आवश्यकता की चर्चा कर उपस्थित 35युवाओं को प्रशिक्षितकिया।

उन्होंने बताया कि युवाओं को जोश में होश नही खोना चाहिये। हेड कांस्टेबल ऊगाराम ने युवाओं को हैलमेट पहनने तथादुर्घटनाओं से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन करनें की सलाह दी। साथ ही उन्होंने चालक द्वारा रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में बताते हुए कानून का पालन करने पर जोर दिया। उन्होंने वाहन चलाते समय ओवरटेक करना, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करना, नशा करते हुए वाहन चलाना तथा यातायात के नियमों की अनदेखी न करने की सलाह दी ।

कांस्टेबल सोमेश्वर ने लाईसेन्स बनाने सम्बन्धी प्रक्रिया की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की और बताया कि यदि आमजन लाइसेंस बनवाकर नियमानुसार वाहन चलाये तो अधिकांश दुर्घटनाओं को टाला जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य सुर्यवीर सिंह वाघेला ने 17 से 23 जनवरी तक चलने वाले सप्ताह के बारे में 25 वालियेन्टरों द्वारा प्रतिदिन कार्य की रूपरेखा पर चर्चा की और सडक सुरक्षा के तहत युवाओं को अपनी मोटर साईकिल की स्पीड कम करने तथा हैलमेट पहनने की जागरूकता पर बल दिया। कार्यक्रम में युवाओं को केप तथा प्रक्षिशन सम्बंधित सामग्रीदेकर अगले चरण में हॉस्पिटल चौराहा, आहोर, हरिदेव जोशी सर्किल पर प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं में से चिन्हित 25 को यातायात सेवा में तैनात किया जावेगा। लेखा सहायक अमिततथा खसा राम आदि उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय खेलों में जालोर की नीता उत्तराखंड जायेगी

जालोर, (कासं)। उत्तराखंड में आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों में जालोर की एथलीट नीता कुमारी का चयन हुआ है।

जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष भरत मेघालय व सचिव कन्हैयालाल मिश्रा ने बताया कि उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी तक 38वें राष्ट्रीय खेल आयोजित हो रहे हैं।ओलंपिक की तर्ज पर हर चार वर्ष बाद आयोजित होने वाले इन राष्ट्रीय खेलों में चयन होना किसी भी खिलाडी के लिए गर्व की बात होती है। सचिव मिश्रा ने बताया कि नीता का चयन उसके एथलेटिक्स के हैप्थलोन इवेंट में विगत दो वर्षों के बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। नीता पुत्री तेजाराम चौधरी उत्तराखंड के देहरादून स्थित गंगा एथलेटिक्स ग्राउंड में 8 से 12 फरवरी तक अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगी।नीता के राष्ट्रीय खेलों में चयन होने पर जिला एथलेटिक्स संघ ने ओलम्पिक संघ के प्रदेश महासचिव सुरेन्द्र सिंह गुर्जर, राजस्थान एथलेटिक्स संघ की अध्यक्ष शारदा जादम, सचिव देवनारायण गुर्जर का आभार जताया है।

नीता के चयन पर राजस्थान एथलेटिक्स संघ कोषाध्यक्ष कार्तिकेय शर्मा,कोच शंकर लाल बुनकर, कोच बूटा सिंह, जिला कुश्ती संघ अध्यक्ष महेन्द्र मुनोत,सचिव दलपतसिंह आर्य, जिला तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी,सचिव वरुण शर्मा, जिला पावरलिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष प्रशांत सिंह, सचिव कांतिलाल आर्य, जिला सेपक टकरा संघ अध्यक्ष विनोद आर्य, जिला वूशु अध्यक्ष शिवदत्त आर्य, थ्रोबाल के प्रदेश सचिव छगन आर्य, राष्ट्रीय मुक्केबाज जगदीश आर्य, गणपत लाल आर्य, अंबिका प्रसाद तिवारी, मोहनलाल आर्य, छगन नाथ, वूशु कोच देवेश आर्य, अक्षयपाल सिंह राठौड,जितेन्द्र परिहार, ओमप्रकाश खंडेलवाल आदि ने खुशी जताई।

'शिक्षा के साथ संस्कार की भावना जागृत करता है आदर्श विद्या मंदिर'

जालोर, (कासं)। अनन्त विभूषित ब्रह्मलीन पीर शांतिनाथजी महाराज की पावन स्मृति में उनके शिष्य पीर गंगानाथजी महाराज के द्वारा बनवाये गए आदर्श विद्या मंदिर बालिका विद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण समारोह रविवार को पीर गंगानाथ महाराज के सानिध्य व तिजारा विधायक महंत बालकनाथ महाराज के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

कायक्रम में मुख्य अतिथि पीर योगी बालकनाथमहाराज (सिद्ध बाबा मस्तनाथजी का ठ, अस्थल बोहर रोहतक हरियाणा एवं विधायक तिजारा के पावन सानिध्य पीर योगी गंगानाथजी महाराज जलन्धरनाथ प्ठाधीश्वर, श्री भैरूनाथजी का अखाडा के कर कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगी बालकनाथ महाराज ने कहा कि आदर्श विद्या मंदिर संस्कार शिक्षा के साथ संस्कार देश प्रेम के केंद्र हैं। आज आधुनिकता में बच्चे शिक्षा तो ग्रहण कर पाते हैं। लेकिन उनका संस्कार की शिक्षा नहीं मिल पाती है । जिससे शिक्षित होते हुए भी बच्चे संस्कार विहीन प्रतीत होते हैं। आज बडे-बडे इंग्लिश मीडियम स्कूलों में रामायण महाभारत के पात्रों को महज नाटक के रूप में बच्चों को सिखाया जाता है, उनके आदर्शों उनकी शिक्षा उनके महत्व उनके पीछे की ज्ञान बातें केवल इन आदर्श विद्या मंदिरों में ही सीखी जा सकती है। शिक्षा के साथ देश निर्माण समाज के सर्वांगीण विकास में आदर्श विद्या मंदिरों से निकले छात्र अहम भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम के मुख्यवक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक सुरेशचन्द्र ने कहा कि आज आदर्श विद्या मंदिरों से पढे छात्र वैज्ञानिक डॉक्टर इंजीनियर सहित विदेशों में कार्य कर रहे हैं । शिक्षा के साथ संस्कार पर चलते हुए इतने बडे पदों पर पहुंचने के बाद भी वह अपनी जडों से जुडे हुए हैं। इस अवसर पर चातुर्मास सेवा समिति के व्यवस्थापक पारसमल परमार ने पीर गंगानाथजी महाराज द्वारा विद्यालय बनाकर देने का मनोगत एवं जलंधर नाथ अखाड़े की जानकारी दी।

श्री शांतिनाथ बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर के नवनिर्मित भवन के शिल्पकार नवीन पाराशर को गंगानाथ महाराज व तिजारा विधायक बालकनाथ ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

विद्या भारती की प्रांतीय उपाध्यक्ष नीलम पंवार ने बालिका विद्यालय के बीज से वृक्ष बनने की भूमिका रखते हुए भावी विकास की कार्य योजना प्रस्तुत की। इस मौके पर भामाशाहों ने विभिन्न घोषणाएं की।

उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर के लिए माण्डवला निवासी संघवी रमेशजी मोहनलालजी मुथा ने 2 करोड दान की घोषणा की।। जिसके माध्यम से विद्यालय के शिक्षा परिसर में विभिन्न नवीन कार्य करवाए जाएंगे। कार्यक्रम में संघ के वरिष्ठ प्रचारक नंदलालजी बाबाजी, लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाशचंद्र, सांसद लुम्बाराम चौधरी ,जोगेश्वर गर्ग मुख्य सचेतक पुलिस अधीक्षक जालोर ज्ञानचंद यादव, छगन राजपुरोहित विधायक आहोर, भारताराम चौधरी सामतीपुरा, रमेश मूथा अध्यक्ष श्री नाकोडा जैन तीर्थ, रणछोडराम चौधरी भंवरानी, मनोहर पुंगलिया, शिवनाथसिंह राणावत निम्बावास , दिनेश सोनगरा जालोर, हाल-बैंगलोर लालचंदजी केसाजी राजपुरोहित बैरङ्ग, हाल-मदुरई हुकमसिंह ओटवाला, हाल-मदुरई, पुखराज भंसाली आदि मौजूद थे। समारोह में विद्यालय भवन के शिल्पकार नवीन पाराशर का पीर गंगानाथ महाराज व तिजारा विधायक बालकनाथ महाराज ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

विद्यालय के लोकार्पण कार्यक्रम में महन्त रणछोडभारती महाराज भैसवाडा व लेटा मठ, महन्त शंकरस्वरूप ब्रह्मचारीजी महाराज, सारणेश्वर मंदिर सरत, महन्त महेन्द्रभारती महाराज जागनाथ मठ नारणावास, महन्त सेवाभारतीजी महाराज मलकेश्वर महादेव मठ जालोर, महन्त काशीनाथ महाराज करडा मठ, महन्त मंगलाईनाथ महाराज सुराणा, महन्त महावीरगिरी महाराज पान्डगरा मठ, महंत रणछोडपुरीजी महाराज सांथू, महन्त मोहननाथ महाराज हल्देश्वर महादेव मठ जालोर, महन्त सोमपुरी महाराज धुनिया मठ जालोर, महन्त विक्रमनाथ महारा डुडसी प्याऊ बागरा, महन्त रेवतीनाथ महाराज उदयपुर, महन्त पारस नाथ महाराज खेखडी अजमेर, महन्त अमृतनाथ महाराज निम्बावास, महन्त सोमनाथ महाराज सांफाडा, योगी हरीनाथ महाराज जलन्धरनाथजी मंदिर चुरा, योगी वजेनाथ महाराज, फागोतरा, योगी गोविन्दनाथ महाराज नागणेची-माताजी मंदिर जालोर, योगी बद्रीनाथ महाराज मुण्डेश्वर महादेव मंदिर, बिशनगढ, योगी साईनाथ महाराज, झरणेश्वर महादेव जालोर, प्रेम नाथ महाराज, ईश्वरनाथ महाराज, आनंद नाथ महाराज सहित कई जने मौजूद रहे।

जन्मस्थली स्मारक पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

पाली, (नि.सं.)। मारवाड़ की आन बान शान, हिंदुआ सूरज,वीर शिरोमणी, पाली के दोहिते महाराणा प्रताप की 427 वीं पुण्यतिथी रविवार को जूनी कचहरी धानमंडी स्थित उनके स्मारक स्थल पर श्रद्धापूर्वक मनाई गई।

इस अवसर पर पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख ने इस ऐतिहासिक धरोहर के सर्वांगीण विकास के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि यहां पर होने वाला प्रत्येक कार्य इतिहास के पन्नो पर अंकित होगा। उन्होंने वीर प्रसूता भूमी को नमन करते हुए महाराणा प्रताप के आदर्शों पर चलने का आव्हान किया। वीर प्रताप की आदमकद प्रतिमा पर स्कूल के बच्चों ने माल्यार्पण किया। समिति अध्यक्ष एडवोकेट शैतानसिंह सोनिगरा, संयोजक उगमराज सांड ने इस स्थल पर निर्माण कार्य की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा, कुसुम सोनी, उपसभापति ललित प्रितमानी, समिति अध्यक्ष एडवोकेट शैतानसिंह सोनिगरा, संयोजक उगमराज सांड, क्षेत्रीय पार्षद राधेश्याम चौहान, समिति के चम्पालाल सिसोदिया, रितेश छाजेड़, गौतम यति, मुकेश भंसाली, दौलाराम पटेल, भाजपा शहर अध्यक्ष सुरेश पंवार, मानवेन्द्रसिंह भाटी, समाजसेवी रामकिशोर साबू, शुमार सम्भवानी, रामचंद्र तोषवरा, आशीष तिवारी, मनीष जावा,नरेंद्र तिवारी, अमोलक शर्मा,जयंता व्यास, नीतू अमरनानी,प्रेमलता अठावाल, सहित समिति सदस्य, पाली के जन प्रतिनिधि व आमजन ने वीर प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप को श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

समिति सचिव चम्पालाल सिसोदिया एवं रितेश छाजेड़ ने बताया कि स्मारक स्थल पर पूर्व विधायक ज्ञानवनन्द पारख के सतत प्रयासो से शीघ्र ही मीटिंग हॉल और म्यूजियम के बनने की प्रक्रिया रंग लाएगी। शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने भी इस अवसर पर माल्यार्पण किया।

महाराणा प्रताप भारतीय धर्म एवं संस्कृति के वाहक : ओटाराम देवासी

जालोर, (कासं)। महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण कार्यक्रम महंत करणगिरी महाराज के पावन सान्निध्य में रविवार को आकोली ग्राम में राज्य के ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग राज्य मंत्री ओटाराम देवासी के मुख्य आतिथ्य एवं आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी, जालोर प्रधान नारायणसिंह राजपुरोहित व पूर्व उप मंत्री भूपेन्द्र देवासी के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप भारतीय धर्म एवं संस्कृति के वाहक है। उन्होंने कन्हैयालाल सेठिया की प्रसिद्ध कविता संग्रह 'पाथल एवं पीथल' की पंक्तियाँ "अरे घास की रोटी वन बिलाव ले भाग्यो..." को उदधत करते हुए महाराणा प्रताप के जीवन एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर जानकारी देते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए कृतसंकल्पित है। आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम में रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी ने संबोधित करते हुए महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन अम्बिका प्रसाद तिवारी व ईश्वरसिंह काबावत ने किया।

इस अवसर पर जालोर तहसीलदार बाबूसिंह राजपुरोहित, भू-अभिलेख निरीक्षक ज्ञानेश त्रिपाठी, आकोली सरपंच चोपाराम देवासी, प्रकाश सुथार सहित कई जने उपस्थित रहे।

महिपाल निम्बाड़ा पाली हॉकी संघ के अध्यक्ष बने

पाली, (नि.सं.)। ओलंपिक संघ के सचिव राजेश पाटनेचा ने बताया कि डाक बंगले के पास खेल संकुल में पाली हॉकी संघ के चुनाव राजस्थान हॉकी संघ के अध्यक्ष अरुण कुमार सारस्वत, हांकी राजस्थान संघ से पर्यवेक्षक के रूप में रणजीत स्मीथ, चुनाव अधिकारी के रूप में ब्रह्मदत्त जोशी, जिला खेल अधिकारी क्रिडा प्रषिद से लहरीदास वैष्णव, जले सिंह, जिला ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष मांगू सिंह दुदावत की देखरेख में हुए। चुनाव अधिकारी ब्रह्मदत्त जोशी ने बताया कि सभी पदों पर एक एक नाम के आवेदन आने पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। पहली बार संघ में महिलाओं की भुमिका अग्रणी रही। चार महिला सदस्यों को कार्यकारिणी में स्थान मिला। पदाधिकारियों में अध्यक्ष महिपाल सिंह निम्बाडा, उपाध्यक्ष हनवंत सिंह, दिग्विजय सिंह, जयश्री पंवार, सचिव सत्यनारायण सिंह पुनाडिया, सह सचिव प्रेम सिंह चौहान, चन्द्र वीर सिंह, सेमा राठौड़, कोषाध्यक्ष दिनेश पंवार, कार्यकारिणी सदस्य चेतन दवे, सन्नी राठौड़, अमिता सिंह, मुमल कंवर निर्वाचित। कार्यक्रम का संचालन राजेश पाटनेचा ने किया। इस मौके पर राजूराम, खौड़ किशन लाल मेवाड़ा, दिपक, गोवर्धन देवासी, चन्द्रकान्त मारु, श्रवण कुमार, ओमप्रकाश लखारा श्रवण खौड़, विनोद , महेंद्र , अभिषेक बिसावा सहित खेल प्रेमी मौजूद रहे।

जालोर में हॉकी के गौरव को पुनः स्थापित करेंगे : लालसिंह गोविंदला

जालोर, (कासं)। जिला हॉकी संघ जालोर की साधारण सभा की बैठक रविवार को जालोर के निकट बिशनगढ में आयोजित हुई।

लाल सिंह गोविंदला ने हॉकी जालोर के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर ए जी एम को सम्बोधित करते हुए अध्यक्षीय उद्बोधन में विचार रखते हुए कहा कि हॉकी हमारे देश का राष्ट्रीय खेल हैं। जालोर जिले में हॉकी खेल के गौरव को आगे ले जाने के लिए खेल मैदानों की व्यवस्था खिलाडियों के लिए खेल सामग्री विभिन्न स्तर की हॉकी प्रतियोगिता विशेषकर बालिकाओं को हरसंभव खेलों में आगे बढाने तथा हॉकी के आलावा खेलों के हर क्षेत्र में आवश्यक सुविधाएं मुहैया करवाने की हरसंभव हॉकी जालोर के पदाधिकारियों को साथ लेकर मदद करूंगा। हॉकी राजस्थान के पर्यवेक्षक रंजी स्मिथ जालोर जिला ओलम्पिक संघ के पर्यवेक्षक नाथू सोलंकी के पर्यवेक्षण में आयोजित की गई। समस्त एजेंडा में लिए गए प्रस्तावों को पारित करवाने के पश्चात आगामी चार वर्ष की अवधि 2025-2029 के लिए चुनाव अध